# त्रैमासिक परीक्षा 2023-24

## कक्षा-10

## विषय- सामाजिक विज्ञान

## Set-A

समय -3 घंटा

पूर्णांक-75 अंक

निर्देश-

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। सही विकल्प 06 अंक, रिक्त स्थान 06 अंक, सही जोड़ी 06 अंक, एक शब्द से एक वाक्य में उत्तर 06 अंक एवं सत्य /असत्य 06 अंक संबंधी प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न हेतु 01 अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं
4. प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक 12 प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।
5. प्रश्न क्रमांक18 से 20 तक 03 प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं
6. प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक 03 प्रश्न हैं,प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं ।
7. प्रश्न क्रमांक 23 मानचित्र आधारित प्रश्न है। प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं| मानचित्र पूर्ति कर उत्तर पुस्तिका में संलग्न करें|

**प्रश्न-1 निम्नलिखि प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए :-** **1X6=6**

1. शैल और धातुएँ किस प्रकार के संसाधन हैं?
   (अ) अजैविक (ब) जैविक
   (स) नवीकरण (द) निजी
2. निम्नलिखित में से स्थाई वनों का सर्वाधिक क्षेत्र किस राज्य में स्थित है?
   (अ) हरियाणा (ब) राजस्थान
   (स) पंजाब (द) मध्य प्रदेश
3. बांधों को "आधुनिक भारत का मंदिर" किसने कहा ?
   (अ) महात्मा गांधी (ब) जवाहरलाल नेहरु
   (स) भगत सिंह (द) लाल बहादुर शास्त्री
4. बाल्कन क्षेत्र के निवासियों को क्या कहा जाता था?
   (अ) डच (ब) स्लाव
   (स) टामटोल्स (द) इनमें से कोई नहीं
5. दक्षिणी अमेरिका में एल डोराडो क्या है ?
   (अ) वह स्थान जहां कोलम्बस पहुंचा था (ब) जहां चांदी की खानें पाई जाती हैं ।
   (स) किंवदतियों की बदौलत सोने का शहर (द) एक प्रसिद्ध दास बाजार।
6. एच. डी. आई. का पूरा नाम क्या है?

(अ) मानव विकास सूचकांक (ब) मानव विकास संकेतक

(स) उच्च विकास सूचकांक (द) बाधित विकास संकेतक

**प्रश्न-2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-:-** 1X6=6

1. भारत में सघन वन क्षेत्र ..................... प्रतिशत है।
2. सरदार सरोवर बाँध ..................... राज्य में है।
3. राष्ट्रवाद को चित्रों के माध्यम से दर्शानेवाला फ्रांसीसी कलाकार............ है।
4. .........अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी मुक्त व्यापार की अनुमति देती है और देशों के बीच आपसी व्यापार पर काम करती है।
5. लोक तंत्र का मूल मंत्र .......... है।
6. ........संगठन मानव विकास रिपोर्ट प्रकाशित करता है।

**प्रश्न-3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सत्य/असत्य में लिखिए : -** 1X6=6

1. 19वीं सदी के मध्य में इटली 10 राज्यों में बंटा था।
2. श्रीलंका में 1956 में बौद्ध धर्म को अपनाया गया एवं शासकीय धर्म घोषित किया ।
3. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है।
4. जीडीपी (G.D.P.) का पूरा नाम सकल घरेलु उत्पात कहलाता है।
5. देश की प्रति व्यक्ति आय की गणना जनसख्या के आधार पर की जाती है।
6. स्थिर आय नहीं होने से काम के अवसर में कमी होती है।

**प्रश्न-4 सही जोड़ी बनाइए-** 1X6=6

| | कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|---|
| 1. | मत्स्यपालन | (अ) द्वितीयक क्षेत्रक |
| 2. | राणा प्रताप सागर बाँध | (ब) चंबल नदी |
| 3. | हीराकुंड बाँध | (स) महानदी |
| 4. | विमुद्रीकरण | (द) प्राथमिक क्षेत्रक |
| 5. | रोलेट एक्ट | (ई) 2016 ई. |
| 6. | उद्योग ,कारखाना | (फ) 1919 ई. |

**प्रश्न-5 निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए :-** 1X6=6

1. वियना की संधि कब और किसके बीच हुई ?
2. पूर्ण स्वंतत्रता का प्रस्ताव कब पारित हुआ था ?
3. जी-77 (G-77) क्या हैं?
4. लोकतांत्रिक सत्ता में शासन के अंग कौन-कौन से हैं?
5. प्लास्टिक मनी क्या हैं?
6. कृषि क्षेत्र में कौन सी बेरोजगारी पाई जाती हैं?

प्रश्न-6 संसाधनों के अति दोहन से उत्पन्न हुई कोई दो समस्याएं लिखिए? 2

अथवा

मृदा संरक्षण के कोई दो उपाय लिखिए।

प्रश्न-7 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में संकटग्रस्त जातियों को बचाने हेतु क्या नियम बनाए गए? 2

अथवा

आरक्षित वनो से क्या तात्पर्य है? समझाइये।

प्रश्न-8 बांधों के उपयोग लिखिए ? 2

अथवा

जल के असमान वितरण के कारण लिखिए?

प्रश्न-9 बाल्कन प्रदेशों में राष्ट्रवादी तनाव क्यों उत्पन्न हुआ? 2

अथवा

'काउंट कैमिलो दे कावूर' पर टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न- 10 आधुनिक राज्य तथा राष्ट्र राज्य से आप क्या समझते हैं? 2

अथवा

जालवेराइन क्या था?

प्रश्न-11 जालियांवाले बाग हत्याकांड पर टिप्पणी लिखिए। 2

अथवा

गिरमिटीया मजदूर किन्हें कहा जाता है ?

प्रश्न-12 वैश्वीकरण का क्या अर्थ हैं? 2

अथवा

सर हैनरी मार्टन स्टैनली कौन थे और वह क्यों प्रसिद्ध थे ?

प्रश्न-13 एकात्मक शासन व्यवस्था के दोष लिखिए। 2

अथवा

त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को संक्षिप्त में लिखिए।

प्रश्न-14 विश्व बैंक की विश्व विकास रिपोर्ट के अनुसार समृद्ध देश एवं निम्न आय वाले देश के मानक क्या क्या हैं ? 2

अथवा

शिशु मृत्यु दर से आप क्या समझते हैं? भारत में शिशु मृत्यु दर वर्तमान में कितनी हैं?

प्रश्न-15 खुली बेरोजगारी का अभिप्राय क्या है? लिखिए। 2

संगठित क्षेत्रक के कोई दो लाभ लिखिए।

प्रश्न -16 भारतीय अर्थव्यवस्था को कितने क्षेत्रकों में विभाजित किया गया है? लिखिए 2

अथवा

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 को संक्षिप्त में लिखिए।

प्रश्न-17 बैंकों की आय के मुख्य दो स्रोत कौन-कौन से हैं लिखिए 2

अथवा

साख के मुख्य स्रोतों को लिखिए

प्रश्न- 18 प्रशासनिक आधार पर वनों का वर्गीकरण लिखिए। 3

अथवा

वन्य प्राणी संरक्षण के कोई दो उपाय लिखिये ।

प्रश्न-19 भारती अर्थव्यवस्था पर 1929 ई. के महामंदी का क्या प्रभाव पड़ा ? लिखिए । 3

अथवा

1929 के दौरान अमेरिका में महामंदी के लिए जिम्मेदार किन्हीं तीन कारकों का विश्लेषण करें।

प्रश्न-20 भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लिखित बिषय को लिखिए । 3

अथवा

क्षेत्रवाद लोकतंत्र के लिए किस प्रकार घातक हैं? लिखिए।

प्रश्न-21 संसाधन नियोजन क्यों आवश्यक है? संसाधन नियोजन के सोपान लिखिए । 4

अथवा

मृदा-परिच्छेदिका से क्या तात्पर्य है ? स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न-22 इतिहास की पुनर्व्याख्या राष्ट्रवाद की भावना पैदा करने का एक साधन था। स्पष्ट कीजिए? 4

अथवा

महात्मा गाँधी के अनुसार, सामाजिक अपंगता केवल 'राजनीतिक सशक्तीकरण' से ही दूर हो सकती है। स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न-23 भारत के मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्ही चार स्थानों को पहचान कर दर्शाइए – 4

(i) जलोद मिट्टी (ii) काली मिट्टी (iii) मरूस्थली मिट्टी (iv) हीराकुण्ड़ा बांध

(v) महानदी (vi) सरदार सरोबर बांध (vii) कर्क रेखा (viii) भांखडानंगल